एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

उजमा अहमद की बायॉपिक में नजर आएंगी श्रद्धा कपूर

श्रद्धा कपूर के पास कई फिल्मों के प्रॉजेक्ट हैं। वह इन दिनों ऑस्ट्रिया में अपनी अपकमिंग फिल्म साहो की शूटिंग कर रही हैं। इसके अलावा श्रद्धा कपूर की फिल्म स्ट्रीट डांसर थ्रीडी, छिछोरे भी रिलीज होने वाली हैं। लेटेस्ट रिपोर्ट के अनुसार, उजमा अहमद की बायॉपिक में श्रद्धा कपूर नजर आएंगी।

ऐसा कहा जा रहा है कि शिवम नायर ने श्रद्धा कपूर से मुलाकात कर कहानी सुनाई है। ऐक्ट्रेस ने इस पर मौखिक रूप से सहमति जताई और ऑस्ट्रिया से लौटते समय इसको साइन करेंगी। श्रद्धा कपूर की सोशल मीडिया पर बहुत बड़ी फैन फॉलोइंग है और वह फिल्म के लिए उपयुक्त विकल्प हैं। रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म के निर्माता का मानना है कि यह श्रद्धा कपूर के करियर का टर्निंग प्वाइंट साबित होगा।

इस फिल्म में सैफ अली खान एक राजनयिक की भूमिका निभाएंगे जबकि सुषमा स्वराज के रोल लिए अभी नाम तय नहीं हुआ है।

इस फिल्म में तीन महत्वपूर्ण किरदार नजर आएंगे। इन किरदारों में उजमा अहमद, सुषमा स्वराज और इस्लामाबाद में भारत के तत्कालीन उप उच्चायुक्त जेपी सिंह हैं। उजमा अहमद की कहानी के बारे में बात करें तो उजमा अहमद को पाकिस्तान के एक टैक्सी ड्राइवर से प्यार हो गया और वह पाकिस्तान पहुंच जाती है। वहां जाकर उसे पता चलता है कि वह टैक्सी ड्राइवर पहले से ही शादीशुदा है और उसके चार बच्चे हैं। यह फिल्म उजमा अहमद की जबरन शादी से मुक्त होने और पाकिस्तान से भागने के संघर्ष की कहानी है।

गर्मी को मात देने के लिए किश्वर मर्चेंट ने लिया बिकिनी का सहारा

टीवी अभिनेत्री किश्वर मर्चेंट इन दिनों अपनी छुट्टियों का आनंद ले रही हैं. साथ ही साथ वह अपने फैंस के बीच इस वेकेशन की एल्बम की चंद तस्वीरों को भी सोशल मीडिया पर पोस्ट कर रही हैं.

हाल ही में किश्वर ने खुद की स्विमसूट में कई तस्वीरों को शेयर किया है. अपनी इस हालिया तस्वीर में वह बेहद बोल्ड नजर आ रही हैं. तस्वीरों में आप किश्वर के टैटू साफ देख सकते हैं. लगभग पांच साल के लंबे वक्त तक डेटिंग करने के बाद 16 दिसंबर को अभिनेत्री ने अपने ब्वॉयफ्रेंड और टीवी अभिनेता सुयाश राय के साथ शादी रचाई. यह प्रेमी जोड़ी अब वैवाहिक जीवन का आनंद रही है, और आए दिनों सोशल मीडिया पर दोनों की खूबसूरत तस्वीरें नजर आ जाती हैं. खास बात यह है कि दोनों के बीच सात साल का अंतर है. इसके बारे में बात करते हुए किश्वर ने पहले कहा कि शुरुआत में उन्हें उनके बेस्ट फ्रेंड्ल और फैमिली के सवालों के साथ लड़ना पड़ा, क्योंकि उनके बीच 7 साल का अंतर था. मगर जैसा कहते हैं कि आखिर में सब कुछ ठीक हो जाता है. अंत में सभी ने उनके फैसले को एक्सेप्ट कर लिया और दोनों एक साथ हो गए. उनके मुताबिक दोनों के बीच ऐसा विश्वास है जो शब्दों में बयान नहीं किया जा सकता है.

शाहिद एक प्रतिभाशाली अभिनेता हैं : अनुषा संपथ

अभिनेत्री अनुषा संपथ को 'कबीर सिंह' में शाहिद संग काम करने में बेहद मजा आया। उनका कहना है कि सेट पर अपने खाली समय के दौरान वह मॉनीटर पर शाहिद को एक्टिंग करते हुए देखा करती थीं।

अनुषा ने बताया, ''जैसा कि हम जानते हैं कि शाहिद एक प्रतिभाशाली अभिनेता हैं। जब मेरी शूटिंग नहीं भी होती थी तब भी मैं सेट पर जाया करती थी और सिर्फ उन्हें एक्टिंग करते हुए, किरदार के लिए तैयारी करते हुए देखने के लिए मॉनीटर के पीछे बैठ जाती थी।'' इस फिल्म में अनुषा ने कीर्ति का किरदार निभाया है जो कबीर (शाहिद) की बेहद करीबी दोस्त है।

बता दें कि शाहिद कपूर की फिल्म कबीर सिंह 21 जून को सिनेमा घरों में रिली हुई और जल्द ही 2०० करोड़ क्लब में शामिल होने वाली है. फिल्म ने रिलीज के अपने दो हफ्तों में ही 15० करोड़ से ज्यादा की कमाई कर ली थी. फिल्म रिलीज के अपने तीसरे हफ्ते में एंट्री कर चुकी है. फिल्म ने तीसरे सोमवार को बॉक्स ऑफिस पर 9.०7 करोड़ रुपए की कमाई की है. फिल्म की अब तक की कुल कमाई 19०.64 करोड़ हो चुकी है.

ट्रेड एनालिस्ट्स की मानें तो फिल्म 25० करोड़ से भी ज्यादा की कमाई करेगी. वहीं, कुछ का कहना है कि ये फिल्म 3०० करोड़ तक के आंकड़े को छू सकती है. हालांकि इसके लिए अभी इंतजार करना होगा लेकिन कमाई के ट्रेंड्स देखकर तो यही लग रहा है कि फिल्म एक के बाद एक नए रिकॉर्ड बनाती नजर आने वाली है.